विज्ञापन संख्या : 845/भा.संविवि– 1(38)/2023 टी.सी.–11,अ.अति.सं. दिनांक 14 अगस्त, 2026

**–विज्ञापन–**

**(पद–अस्थायी अतिथि संगतकर्ता)**

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय, आजमगढ़ में निम्नलिखित विषयों के संगतकर्ता कार्य हेतु शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिये परीक्षा सम्पन्न होने तक या नियमित नियुक्तियाँ होने तक, जो भी पूर्व में हो, पूर्णतः अस्थायी रूप से अतिथि संगतकर्ताओं को Walk in interview के माध्यम से अग्रिम आदेशों तक संगत कार्य हेतु चयनित किया जाना है।

चयनित अतिथि संगतकर्ताओं को भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित नियत पारिश्रमिक दिया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों एवं स्वसत्यापित छायाप्रतियों के साथ Walk in interview में दिनांक 21.08.2026 को प्रातः11:00 बजे तक भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्यालय में उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं। अस्थायी संगतकर्ताओं की विधा एवं संख्या निम्नवत् हैं :–

| क्र. | विषयानुसार आवश्यक संगतकर्ता | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अतिथि संगतकर्ता तबला | 03 |
| 2 | अतिथि संगतकर्ता ढोलक | 01 |
| 3 | अतिथि संगतकर्ता हारमोनियम | 01 |
| | **कुल योग** | **05** |

उक्त क्रमांक –01 से 03 तक संगतकर्ताओं की चयन प्रक्रिया पूर्णतया मेरिट के आधार पर की जायेगी। वरीयता क्रम निम्नानुसार रहेगा :–

1. आवेदन हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु 35 वर्ष है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट देय होगी।
2. सम्बन्धित विधा में स्नातक/विशारद/समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 55% अंक प्राप्त होने चाहिए। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों को अंको में 5% की छूट मान्य होगी।
3. ऑल इण्डिया रेडियो से ग्रेडेड कलाकार को वरीयता प्रदान की जायेगी।

**महत्वपूर्ण सूचना :–**

1. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी द्वारा प्रर्दशन आवश्यक होगा।
2. यह पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है। आवश्यकतानुसार सेवा समाप्त की जा सकती है।
3. इस हेतु कोई नोटिस अवधि अनुमन्य नहीं है।
4. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम होगा।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner